# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
# हरिद्वार–249404

**संख्या : 16/04/प0चि0/गोपन–4/2023–24** **दिनांक : 05 अप्रैल, 2024**

**पशुचिकित्साधिकारी (ग्रेड–2) परीक्षा–2023**

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पशुचिकित्साधिकारी (ग्रेड–2) परीक्षा–2023 के लिये प्रकाशित विज्ञापन संख्या : A-3/DR(VO)/S-1/2023 दिनांक 12 अक्टूबर, 2023 के सापेक्ष लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) का आयोजन दिनांक 21 एवं 22 फरवरी, 2024 को किया गया था। अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में किये गये दावों के सापेक्ष अभिलेखों के सत्यापन हेतु प्रश्नगत परीक्षा के प्राप्तांकों से निर्मित प्रवीणता सूची के आधार पर रिक्तियों के लगभग 02 गुना अनुपात में **अभिलेख सत्यापन सूची** तथा अभिलेख सत्यापन सूची के क्रम में **कट ऑफ मार्क्स** एवं **अन्तिम उत्तर कुंजी** आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in पर प्रसारित की गयी है। अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन दिनांक **23 अप्रैल, 2024** से परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में किया जाएगा तथा इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश आयोग की वेबसाईट पर पृथक से प्रसारित किये जायेंगे।

यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के प्राप्तांक अंतिम चयन परिणाम के पश्चात् आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित किये जायेंगे। अतः अभ्यर्थी कृपया सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्तांकों से सम्बन्धित अनुरोध पत्र प्रेषित न करें।

Sd/-

**(गिरधारी सिंह रावत)**
**सचिव।**